शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में निदेशक श्री एन.के. वासु भा.व.से. ने 68वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर श्री वासु ने सभी से मिलजुल कर कार्य करने तथा ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा से देश को उन्नति की राह पर ले जाने का आव्हान किया है। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों से नवीन तकनीक विकसित करने एवं उसे आम जन तक पहुंचाने की ओर प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

आफरी परिसर में इस अवसर पर आफरी खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में बच्चों हेतु कविता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे आफरी परिसर के बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा पुरूषों हेतु कबड्डी एवं रस्सा-खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक श्री एन.के. वासु ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इस प्रकार संस्थान में स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया।

2
1